**अपराध** — आरक्षक से मारपीट कर कानून व्यवस्था और पुलिस प्रशासन को दी थी चुनौती, तीनों बदमाशों को पुलिस ने पकड़ा

# कान पकड़कर आरोपियों ने कहा-गुंडागर्दी पाप है

**नवभारत, कटनी।** कोतवाली थाना क्षेत्र के गांधी के स्कूल के पास डायल 100 के आरक्षक से मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को पकड़कर पैदल शहर में घुमाया गया। पुलिस ने बताया कि 22 जून की देर रात कोतवाली थाने के डायल 112 में तैनात आरक्षक के ऊपर तीन बदमाशों ने हमला कर दिया था। इस दौरान आरक्षक के साथ सरेआम बदमाशों ने मारपीट भी की थी। घटना की सूचना मिलने के बाद घटनास्थल की ओर जा रहे डायल 112 के आरक्षक के साथ इस तरह सरेआम मारपीट करते हुए बदमाशों ने पुलिस को सीधे तौर पर चुनौती दे दी थी। मारपीट की घटना का वीडियो जब सामने आया तो सोशल मीडिया पर लोग तरह-तरह के कमेंट करने लगे। आरोप तो यह भी लगने लगे कि शहर की कानून व्यवस्था पूरी तरह



ध्वस्त हो गई है। लोगों को कहना था कि जब पुलिस ही सुरक्षित नहीं है, तो आम आदमी का क्या होगा। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली थाना प्रभारी राखी पांडे और उनकी टीम ने तत्काल सक्रियता दिखाई और आरक्षक के साथ मारपीट करने वाले तीनों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए तीनों बदमाशों को सबक सिखाते हुए कोतवाली पुलिस ने उनके खिलाफ अपराधिक प्रकरण दर्ज किया है। तीनों बदमाशों के पास से घातक चाकू भी बरामद की गई है। कोतवाली थाना प्रभारी राखी पांडे ने बताया कि पकड़े गए तीनों बदमाशों के खिलाफ पहले से ही आपराधिक मामले दर्ज हैं। आरक्षक के साथ मारपीट करने वाले तीनों आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद मेडिकल परीक्षण करने के लिए शासकीय जिला अस्पताल ले जाया गया। इस दौरान थाने से अस्पताल तक बेड़ियों में जकड़े बदमाश हाथ जोड़ लगातार यही दुहाई देते रहे की अपराध करना पाप है पुलिस हमारी बाप है। गौरतलब है कि ड्यूटी पर तैनात डायल 112 के एक कांस्टेबल के साथ मारपीट का मामला सामने आने के बाद शहर की सुरक्षा और कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए थे। रविवार देर रात गांधी स्कूल के पास तीन युवकों ने मिलकर आरक्षक पर हमला कर दिया था। पुलिस ने सोमवार को पीड़ित आरक्षक की शिकायत और वीडियो के आधार पर सरकारी काम में बाधा डालने सहित कई गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज की थी। पुलिस का कहना है कि कोतवाली थाना क्षेत्र में रहने वाली पूनम बर्मन नामक महिला ने रविवार देर रात डायल 112 को फोन कर मदद मांगी थी।

महिला ने बताया था कि कुछ लोग उसके भाई के साथ मारपीट कर रहे हैं। जानकारी मिलते ही डायल 112 गाड़ी में तैनात आरक्षक रूपेश यादव मौके पर पहुंचे। घटनास्थल पर पहुंचकर आरक्षक रूपेश यादव ने मुख्य आरोपी गापू बर्मन और उसके दो दोस्तों को रोकने की कोशिश की। लेकिन जैसे ही आरक्षक ने उनसे पूछताछ शुरू की, तीनों आरोपी बुरी तरह भड़क गए और आरक्षक से मारपीट की थी।



# मार्केट से शराब दुकान हटाने कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

**कैमोर की शराब दुकान का लगातार हो रहा विरोध**

**नवभारत, कटनी।** कैमोर नगर परिषद क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले महिला मार्केट में संचालित शराब दुकान स्थानीय नागरिकों और विशेषकर महिलाओं के लिए जी का परेशानी का सबब बन गई है। दुकान को हटाने के लिए लंबे समय से आंदोलनरत और प्रयासरत स्थानीय नागरिकों का सब्र अब जवाब देने लगा है। प्रशासन की अनदेखी से नाराज नागरिकों ने एसडीएम विजयराघवगढ़ के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया है कि शराब दुकान के कारण स्थानीय लोगों को परेशानी हो रही है। खासतौर पर महिलाओं को अधिक परेशानी होती है। ज्ञापन में कहा गया है कि दुकान हटाने की कार्रवाई नहीं की गई तो जनहित में आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन में नागरिकों ने साफ तौर पर कहा है कि महिला व्यापारिक क्षेत्र जैसे संवेदनशील स्थान पर शराब दुकान का संचालन पूरी तरह से अनुचित है। ज्ञापन में मांग की गई थी है कि जनहित, महिला सुरक्षा और उनके सम्मान को ध्यान में रखते हुए संबंधित विभाग और राज्य प्रशासन को कड़े निर्देश जारी किए जाएं। नागरिकों का कहना है कि यदि इस बार भी उनकी जायज मांग को अनसुना किया गया और शराब दुकान को किसी अन्य उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित नहीं किया गया, तो वे उग्र आंदोलन के लिए विवश होंगे। जिसकी पूरी जवाबदारी स्थानीय और जिला प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान कांग्रेस के पदाधिकारियों की भी उपस्थिति रही।

## एक नजर में

### अधिकारी बनेंगे प्रेरक छात्रों का करेंगे मार्गदर्शन

**नवभारत, कटनी।** स्कूल चलें हम अभियान के अंतर्गत शाला प्रारंभ उत्सव के द्वितीय चरण में जिले की शासकीय शालाएं दोबारा प्रारंभ हो गई हैं। शासन के निर्देशानुसार 25 जून को जिले की सभी शासकीय विद्यालयों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर जिले के विभिन्न विभागों के प्रथम और द्वितीय श्रेणी के अधिकारी विद्यालयों में प्रेरक की भूमिका निभाते हुए विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करेंगे। कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा इसके लिए अधिकारियों की ड्यूटी निर्धारित कर दी गई है। जारी आदेश के अनुसार कलेक्टर शासकीय माध्यमिक शाला रॉबर्ट लाइन माधवनगर में, पुलिस अधीक्षक अभिनव विश्वकर्मा शासकीय पीएमश्री उच्च माध्यमिक विद्यालय कैलवाराकला में और जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर शासकीय माध्यमिक शाला बरगवां में विद्यार्थियों से संवाद करेंगे। इसी क्रम में नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार शासकीय ईपीईएस खिरहनी, अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा शासकीय माध्यमिक शाला झिंझरी, एएसपी कमल मौर्य शासकीय हाई स्कूल चाका, संयुक्त कलेक्टर जितेन्द्र कुमार पटेल लखापतेरी स्कूल में छात्रों का मार्गदर्शन करेंगे।

# सभी संस्थान फायर सेफ्टी मानकों का करें पालन

**आगजनी की घटनाओं को रोकने फायर सेफ्टी अभियान**

**नवभारत, कटनी।** सुरक्षा और संभावित अग्नि दुर्घटनाओं की रोकथाम को प्राथमिकता देते हुए नगर निगम द्वारा शहर में फायर सेफ्टी व्यवस्थाओं की सघन जांच की जा रही है। आयुक्त तपस्या परिहार के निर्देश पर नगर निगम के फायर सेफ्टी दल के उपयंत्री हिमांशु गौतम, अतिक्रमण प्रभारी मानेंद्र सिंह द्वारा होटलों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर अग्नि सुरक्षा उपकरणों, आपातकालीन व्यवस्थाओं, आवश्यक दस्तावेजों



का परीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बीडी अग्रवाल वार्ड स्थित राहुल पैलेस, सुभाष चौक स्थित देश भंडार स्वीट्स में फायर सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं, दस्तावेजों की जांच की गई। जांच के दौरान कुछ आवश्यक कमियां पाए जाने पर संबंधित संचालकों को दस्तावेजी औपचारिकताएं जल्द पूरा करने और निर्धारित मानकों के अनुरूप फायर सेफ्टी व्यवस्था करने के निर्देश दिए । नगर निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि निर्धारित समय के बाद दो निरीक्षण किया जाएगा। कमियों का निराकरण नहीं पाया गया तो संबंधित प्रतिष्ठानों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई होगी।

# योगाभ्यास कर दिया निरोग रहने का संदेश, हर दिन योग की दी प्रेरणा

**जागृति पार्क में किया गया योग कार्यक्रम का आयोजन**

**नवभारत, कटनी।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जागृति पार्क में जायंटस ग्रुप ऑफ और हर-हर महादेव समिति के संयुक्त तत्वावधान में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में काफी संख्या में मित्रों और मातृशक्तियों ने सहभागिता करते हुए योगाभ्यास किया। समाज को योग के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया। इस अवसर पर जायंटस ग्रुप ऑफ कटनी और हर-हर महादेव समिति के अध्यक्ष बसंत यादव ने कहा कि योग



भगाए रोग, करें योग रहें निरोग । उन्होंने सभी से अपने दैनिक जीवन में योग को अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में फेडरेशन अध्यक्ष दीपिका शर्मा, फेडरेशन ऑफिसर सुषमा गोस्वामी, फेडरेशन सचिव ऑफिसर दीपाली गुप्ता, अध्यक्ष मनीषा गौतम, डीए मंजू सिंह, पूर्व अध्यक्ष कल्पना दुबे, पूर्व अध्यक्ष रिली गुप्ता, नीति वर्मा, भारती सोनी, नम्रता सोनी सहित अनेक महिलाओं ने सहभागिता की। इसके साथ ही शिवराज गोस्वामी, राजेंद्र शर्मा, घनश्याम बजाज, दिलीप तिवारी, अमित गुप्ता, सुमित गुप्ता, पंकज गुप्ता, रोशन फेरवानी, हरीश, कमल, संजय पोहानी, दीपक मोटवानी, प्रसन्न मलिक, संतोष कृष्णानी, वीरू नगवानी, डॉ प्रेम हेमनानी सहित अनेक गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति और सहभागिता में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजनों ने नियमित योग करने और अधिक से अधिक लोगों को इसके लाभों के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया।

# बीच सड़क में बिजली पोल, दोनों ओर बना रही रोड, हादसे की आशंका

**नदावन गांव में सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर उठे सवाल**

**नवभारत, कटनी।** जिले की विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र में आने वाले नदावन गांव में बनाई जा रही रोड की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। रोड निर्माण होते है कई स्थानों में दरारें आ गईं हैं। इसके साथ ही सड़क निर्माण में मनमानी के आरोप भी लग रहे हैं। सड़क के बीच में बिजली के पोल को किनारे करने की बजाए उसके दोनो ओर सड़क का निर्माण कराया जा रहा है, जिसके कारण हादसे की आशंका से भी इंकार



नहीं किया जा सकता है, बावजूद इसके जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ठेकेदार द्वारा लगातार मनमानी करते हुए सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि बीच सड़क पर बिजली के पोल होने से हर दिन, हर समय हादसे की आशंका बनी रहेगी। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण के दौरान ही उसमें दरारें आ रही हैं, ठेकेदार द्वारा मानकों के अनुसार सड़क निर्माण में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा जा रहा है। सड़क निर्माण के दौरान ही उसमें दरारें आ रही हैं, गुणवत्ता को दरकिनार कर कराए जा रहे निर्माण की जांच भी नहीं कराई जा रही है, जिसके कारण जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका भी संदेह के घेरे में है। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण में उपयोग की जा रही सामग्री और जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका की जांच की मांग की है।

# श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए करें पर्याप्त व्यवस्था

**मोहर्रम पर्व को लेकर महापौर ने किया निरीक्षण**

**नवभारत, कटनी।** आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से महापौर श्रीमती प्रीति सूरी ने मंगलवार सायंकाल मेयर इन काउंसिल सदस्यों एवं निगम अधिकारियों के साथ मदन मोहन चौबे वार्ड और गाटरघाट स्थित कर्बला शरीफ पहुंचकर व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पर्व के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभिन्न व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। महापौर ने कहा कि मोहर्रम पर्व नगर की सांस्कृतिक और सामाजिक समरसता का प्रतीक है, जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं, ऐसे में नगर निगम की



जिम्मेदारी है कि श्रद्धालुओं को स्वच्छ, सुरक्षित और व्यवस्थित वातावरण उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को विशेष साफ-सफाई अभियान, पर्याप्त पेयजल व्यवस्था, सुगम आवागमन, निर्बाध विद्युत और प्रकाश व्यवस्था और आवश्यकतानुसार अतिरिक्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने पर उसका तत्काल निराकरण किया जाए, ताकि आयोजन सुचारू रूप से संपन्न हो सके।उन्होंने अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर कार्य करने पर जोर देते हुए कहा कि सभी विभाग आपसी सहयोग और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें, जिससे मोहर्रम पर्व पूरी श्रद्धा, आस्था, भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके। निरीक्षण के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य सुभाष साहू, बीना बैनर्जी, सुरेंद्र गुप्ता, उमेंद्र अहिरवार, पार्षद सीमा श्रीवास्तव, सहित अन्य की मौजूदगी रही।

# सेफ क्लिक 2 .0 साइबर सुरक्षा अभियान का किया गया शुभारंभ

**एसपी ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**

**नवभारत, कटनी।** पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना के निर्देशन में 24 जून से 8 जुलाई तक प्रदेशव्यापी साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान सेफ क्लिक 2.0 संचालित किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य नागरिकों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करना और सुरक्षित डिजिटल व्यवहार को बढ़ावा देना है। इसी क्रम में जिले में पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने पुलिस कंट्रोल रूम परिसर से साइबर




जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर अभियान का शुभारंभ किया। यह रथ आगामी 15 दिनों तक जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर नागरिकों को साइबर अपराधों से बचाव के उपायों की जानकारी देगा और जागरूकता संबंधी पम्पलेट, प्रचार सामग्री बांटेंगे। अभियान के दौरान जिलेभर में साइबर सुरक्षा कार्यशालाएं, जनसंवाद, जागरूकता रैलियां, नुक्कड़ नाटक, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं, लघु फिल्म प्रदर्शन, विद्यालयों, महाविद्यालयों और अन्य संस्थानों में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही पुलिस थानों, चौकियों और सार्वजनिक स्थलों पर साइबर सुरक्षा संबंधी बैनर-पोस्टर प्रदर्शित कर आमजन को सुरक्षित इंटरनेट उपयोग और ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव के प्रति जागरूक किया जाएगा।

पुलिस ने नागरिकों से कहा है कि किसी भी संदिग्ध कॉल, लिंक, मैसेज या ऑनलाइन लेन-देन के प्रति सतर्क रहें। साइबर धोखाधड़ी की स्थिति में तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 या राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं। इस अवसर पर एएसपी कमल मौर्य, सीएसपी नेहा पच्चीसिया सहित अधिकारियों की उपस्थिति रही।

## जर्जर स्कूल भवनों में नहीं संचालित हो कक्षाएं

**नवभारत, कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी ने जिले के सभी जीर्ण-शीर्ण और खतरनाक शाला भवनों में कक्षों में शिक्षण कार्य संचालित नहीं किए जाने के सख्त निर्देश जारी किए हैं। साथ ही उन्होंने संबंधित अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर जर्जर कक्षों के निरसन की कार्रवाई पूरा करने के निर्देश भी दिए हैं। बीआरसीसी और उपयंत्रियों की रिपोर्ट के आधार पर जिले की 175 शालाओं के 393 कक्षों को निरसन करने के आदेश जारी किए गए हैं। साथ ही जिन शाला भवनों में मरम्मत की आवश्यकता है, उनमें मरम्मत कराने कहा गया है।












**बैठक** — बारिश के दौरान सुगम जल निकासी की तैयारियों की नगर निगम आयुक्त ने समीक्षा, दिए निर्देश

# बारिश के दौरान शहर में जलभराव रोकने करें नालों की सफाई, हटाया जाए अतिक्रमण

**नवभारत, कटनी।** आगामी वर्षा ऋतु के दौरान नगर में जलभराव की समस्या को रोकने तथा नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निगम प्रशासन द्वारा की जा रही तैयारियों की बुधवार को आयुक्त तपस्या परिहार द्वारा समीक्षा की जाकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में नगर के निगमायुक्त तपस्या परिहार द्वारा नगर के विभिन्न चिन्हित स्थानों और नगर के विभिन्न वार्डो में संभावित जलभराव क्षेत्रों में की गई कार्रवाई, नाला-नाली सफाई, जल निकासी व्यवस्था, अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई तथा आपदा प्रबंधन संबंधी तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान आयुक्त ने



स्वच्छता निरीक्षकों से उनके वार्ड के नाले और नालियों की सफाई व्यवस्था की क्षेत्रवार प्रगति की जानकारी प्राप्त की और बचे हुए कार्य को जल्द पूरा कराते हुए संवेदनशील, जलभराव प्रभावित क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्षा ऋतु के दौरान नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्था पहले से ही तैयारियां की जाए। निगमायुक्त ने जल निकासी में बाधा उत्पन्न करने वाले अतिक्रमणों को नोटिस जारी कर हटाने की कार्रवाई करने, नाला सफाई के बाद मलबे को जल्द उठाने, मुख्य मार्ग के जल भराव वाले मार्ग में मुख्य मार्ग और नाली के बीच चैनल बनाकर जल निकासी की समुचित व्यवस्था करने के साथ ही बंधवा टोला, कुम्हार मोहल्ला, झिंझरी, अर्जुन पैलेस के पीछे, सागर पुलिया, जैन कॉलोनी राणा होटल के पास का नाला, गांधी गंज स्थित नारायण दाल मिल के पास का नाले से समुचित जल निकासी की व्यवस्था कराने के नागरिकों की सुविधा और सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए खुले और खतरनाक नालों को ढकने, वार्ड के गड्ढों की फिलिंग कराने के साथ ही बाजार क्षेत्रों की नालियों से सुगम जल निकासी के लिए समुचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। निगमायुक्त ने निर्देशित किया कि सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों का नियमित निरीक्षण करें और प्राप्त शिकायतों का तत्काल निराकरण करें। साथ ही वर्षा के दौरान किसी भी तरह की आपात परिस्थितियों से निपटने के लिए आवश्यक मशीनरी, टुल्लू पंप, विद्युत कनेक्शन, वाहन और कर्मचारियों की उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए गए। बैठक में नगर निगम के अधिकारियों की उपस्थिति रही।